समाचार

साकेत में लगाए गए हेल्थ कैम्प का हुआ समापन, 1184 कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कोरबा 30 जनवरी 2025 – निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में निगम कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु लगाए गए हेल्थ कैम्प का आज समापन हुआ। इस हेल्थ कैम्प निगम के 1184 अधिकारी कर्मचारियों, सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों, प्लेसमेंट कर्मियों आदि का हेल्थ परीक्षण किया गया तथा उनके हेल्थ कार्ड बनाए गए। यहॉ उल्लेखनीय है कि बुधवार 29 जनवरी को निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने हेल्थ कैम्प का निरीक्षण किया था तथा इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए निगम कर्मियों विशेषकर स्वच्छता कर्मचारियों, सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों आदि की फुल बाडी चेकअप की योजना बनाए जाने के निर्देश भी उनके द्वारा दिए गए थे।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर नगर पालिक निगम कोरबा एवं स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में 28, 29 एवं 30 जनवरी को हेल्थ कैम्प आयोजित किए गए। कैम्प के नोडल अधिकारी व उपायुक्त श्री पवन वर्मा ने बताया कि इस तीन दिवसीय हेल्थ कैम्प में कुल 1184 निगम

कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि सहित विभिन्न जांच की गई, उन्हें आवश्यक दवाईयॉ भी उपलब्ध कराई गई तथा योग्य चिकित्सकों द्वारा आवश्यक चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड बनाए गए तथा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान की गई जांच व उनके परिणाम हेल्थ कार्ड में दर्ज किए गए। यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि निगम कर्मियों के उक्त हेल्थ कार्ड पर आयुष्मान भारत की सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी एवं उनका मोबाईल नम्बर कार्ड सीड किया जाएगा।